**आयोजन** शहीद दिवस पर सीएमएचओ कार्यालय में किया गया मौन धारण, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान प्रारंभ

# कुष्ठ रोग मुक्त समाज के लिए दिलाई गई शपथ



**नवभारत, शहडोल ।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में 02 मिनट का मौन रखा गया। यह दिवस अहिंसा के पुजारी महात्मा गाँधी जी के पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। तत्पश्चात् राष्ट्रपिता के सपनों को साकार रूप देने शासन के निर्देशानुसार विकसित भारत अभियान के उपलक्ष्य में समाज व परिवार में कुष्ठ रोग संबंधी भ्रांतियो को दूर करने तथा कुष्ठमुक्त समाज की स्थापना करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने कुष्ठ रोग मुक्त समाज के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाते हुए कहा कि जिले को कुष्ठ रोग मुक्त बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, कुष्ठ रोग आसानी से पहचानी जाने तथा ठीक होने वाली बीमारी है, हम अपने जिले के उपलब्ध साधनों का उपयोग कर समस्त कुष्ठ रोगियों को खोजने व जल्द से जल्द पूर्ण उपचार प्रदान करने का प्रयास करेंगे, साथ ही कुष्ठ रोगियों के साथ भेदभाव नहीं रखेंगे, जिससे कुष्ठ रोग से पीडित रोगी समाज की मुख्यधारा से जुडकर कुष्ठ मुक्त भारत बनाने में अपना सहयोग प्रदान कर सके।जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. पुनीत श्रीवास्तव ने बताया कि शासन की मंशानुसार 30 जनवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यकम अंतर्गत स्पर्श अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान का मुख्य उददेश्य कुष्ठ रोग संबंधी समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना, जनजागरूकता करना तथा नये रोगियों की खोज कर उन्हें पूर्ण उपचार प्रदान कर, समाज की मुख्य धारा से जोडना है।इस अवसर पर जिला कुष्ठ अधिकारी, डॉ. पुनीत श्रीवास्तव, डीपीएम मनोज द्विवेदी, आर. के. अग्निहोत्री, धीरेन्द्र श्रीवास्तव, संजय सेन, रजनीश गुप्ता, राकेश श्रीवास्तव, सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।


## शहीद दिवस पर शहीदों को किया गया नमन



आज दिनांक 30 जनवरी दिन शुक्रवार को शहीद दिवस के अवसर पर, शासन के निर्देशानुसार, दिन के ठीक 11 बजे, स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों एवं सेना के शहीद सैनिक देवेंद्र कुमार सोनी की याद में, शहडोल के शहीद स्मारक में, सैनिक कल्याण कार्यालय शहडोल के अधिकारी कर्नल अरुण शुक्ला, ओंकार गवली एवं भूतपूर्व सैनिक संगठन जिला शहडोल के अध्यक्ष जे पी गुप्ता, उपाध्यक्ष एस मजुमदार, श्रीकांत तिवारी, उपेंद्रमणि पांडेय, लालमणि पांडेय, मुख्य सचिव विष्णु प्रसाद विश्वकर्मा, महामंत्री जगदीश प्रसाद पटेल, कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्ण तिवारी, प्रबंध मंत्री उदय प्रकाश गुप्ता, राकेश सिंह एवं मंत्री अजय कुमार तिवारी द्वारा दो मिनट का मौन श्रद्धांजलि दिया गया। स्मारक में मोमबत्ती जलाकर, पुष्पमाला से शहीदों की आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की गई।

वृद्धाश्रम कल्याणपुर शहडोल में, ब्रम्हकुमारी संस्था द्वारा वृद्धजनों का सम्मान समारोह, मुख्य अतिथि डॉ केदार सिंह जिलाधीश शहडोल एवं विशिष्ट अतिथि डॉ श्रीवास्तव, भूतपूर्व सैनिक संगठन जिला शहडोल के अध्यक्ष जे पी गुप्ता की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें नगर के कई गणमान्य सीनियर सिटीजन, भूतपूर्व सैनिक संगठन जिला शहडोल के सीनियर सिटीजन, वृद्धाश्रम के वृद्धजन एवं ब्रम्हकुमारी संस्था की बहनें,भाई बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रशंसनीय व संदेशात्मक, वृद्धजनों के हितार्थ कार्यक्रमों में,नशामुक्ति का नुक्कड़ नाटक, सरल दिनचर्या पद्धति से शारीरिक एवं मानसिक विकारों की रोकथाम एवं सरल गीत-संगीत के माध्यम से हताशा से उबरने का संदेश, ब्रम्हकुमारी संस्था द्वारा दिया गया। जिसकी सभी के द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में सभी के स्वस्थ जीवन मंगल कामना करते हुए, ब्रम्हकुमारी संस्था के कार्यों की सराहना किए। अन्य अतिथियों द्वारा भी वृद्धजनों के जीवन में मुस्कान लाने के ब्रम्हकुमारी संस्था के प्रयासों को अविस्मरणीय बताते हुए। उन्हें साधुवाद दिए।

## बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम प्राप्त करने हेतु विद्यार्थियों को कराएं प्रश्नपत्रों का अभ्यास



**नवभारत, शहडोल ।** आयुक्त शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बेहतर परीक्षा परिणाम लाने तथा बोर्ड परीक्षाएं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बेहतर परीक्षा परिणाम लाने के लिए आयोजित की गई प्री बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन की समीक्षा करते हुए जिन विषयों में विशेष कोचिंग की आवश्यकता हो का चिन्हांकन कर रेमेडियल कक्षाएं, बोर्ड एवं स्थानीय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा प्रश्न पत्र तैयार कराकर विद्यार्थियों से अभ्यास कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को तनावमुक्त परीक्षा देने हेतु तैयार किया जाए। वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से भी परीक्षा की तैयारी कराई जाए। कठिन विषयों गणित, अंग्रेजी के अभ्यास पर विशेष ध्यान दिया जाए। विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि आगामी दिनो में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओ के लिए सभी तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित कर ले तथा निर्धारित परीक्षा केंद्रो में केंद्राध्यक्षो एवं शिक्षको की ड्यूटी लगाई जाए। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा के परीक्षार्थियो को विगत वर्षों के प्रश्नपत्रो का अभ्यास एवं विषयवार रिवीजन कराया जा रहा है। स्थानीय शिक्षकों एवं बोर्ड से प्राप्त मॉडल प्रश्नपत्रों का अभ्यास भी कराया जा रहा है। इसके साथ ही विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के माध्यम से छोटे-छोटे वीडियो तैयार कर स्कूल के प्राचार्यों तथा संबंधित विषय के विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, डिप्टी कलेक्टर अर्चना मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी फूलसिंह मारपाची, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने वितरित किए वाहन चालको को हेलमेट

**नवभारत, शहडोल ।** सड़क सुरक्षा-जीवन सुरक्षा के थीम भारतीय जीवन बीमा निगम के तत्वाधान में शहडोल नगर के बाईपास समीप हेलमेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने दो पाहिया वाहन चालको को हेलमेट वितरित कर यातायात नियमो का पालन करने की समझाइश दी। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। स्वयं यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों से वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की भी समझाइश दी। इस अवसर पर यातायात प्रभारी संजय जायसवाल सहित भारतीय निगम बीमा के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## लंदन में आयोजित कार्यक्रम में धनपुरी सीएमओ आमंत्रित



**नवभारत, शहडोल ।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी धनपुरी पूजा बुनकर ने जानकारी दी है कि कॉमनवेल्थ लोकल गवर्नमेंट फोरम के तत्वावधान में लंदन में आयोजित होने वाले कॉमनवेल्थ सस्टेनेबल सिटीज़ इनिशिएटिव कार्यक्रम में धनपुरी नगरपालिका द्वारा किए जा रहे शहरी विकास कार्यों, नवाचारों, सुशासन तथा नागरिक सेवा सुधारों सहित विभिन्न विकास पहलों की प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि धनपुरी नगर पालिका के सफल प्रयासों को राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर साझा किया जाएगा। इसी क्रम में सीएमओ धनपुरी को कॉमनवेल्थ लोकल गवर्नमेंट फोरम द्वारा लंदन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है।उन्होंने बताया कि कॉमनवेल्थ सस्टेनेबल सिटीज़ इनिशिएटिव के अंतर्गत तीन दिवसीय राज्य स्तरीय संवाद का आयोजन 3 से 5 फरवरी 2026 तक भोपाल में किया जाएगा।लंदन स्थित अंतरराष्ट्रीय संस्था से प्राप्त यह आमंत्रण धनपुरी नगर पालिका के लिए गौरव का विषय है, जिससे नगर के विकास कार्यों को वैश्विक स्तर पर व्यापक पहचान प्राप्त होगी।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ला विवि में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम




**नवभारत, शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में दिनांक 30 जनवरी 2026 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विधि एवं सामाजिक न्याय विभाग के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की विभागाध्यक्ष एवं परिसर प्रभारी प्रो. गीता सराफ, राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. चेतना सिंह तथा डॉ. संजली गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति रही। उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर वक्ताओं ने महात्मा गांधी जी के अहिंसा, सत्य, सत्याग्रह एवं सामाजिक न्याय से जुड़े विचारों पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को आज के समय में प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम में छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त कर गांधी जी के जीवन दर्शन को स्मरण किया।कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर सभी उपस्थितजनों ने राष्ट्रपिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।आभार प्रदर्शन विधि एवं सामाजिक न्याय विभाग के प्रो. अम्बिकेश नामदेव द्वारा किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन विधि एवं सामाजिक न्याय विभाग से एल.एल.एम. के प्रो. दया शंकर तिवारी ने किया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।




## अण्डर 19 शतरंज वर्ग में सारांश तिवारी का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

▶ **खेलो यूथ एमपी के तहत आयोजित खेल प्रतियोगितां**

**नवभारत, शहडोल ।** खेलो यूथ एमपी खेल प्रतियोगिताओं के तहत खेलो मध्यप्रदेश शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन नर्मदापुरम संभागीय मुख्यालय में किया गया। अंडर 19 वर्ग शतरंज प्रतियोगिता में शहडोल निवासी सारांश तिवारी का चयन राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता हेतु किया गया है। कड़े मुकाबले में आपने 9 राउंड में 7.5 अंक प्राप्त कर प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सारांश तिवारी पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय शहडोल में वाणिज्य संकाय के छात्र हैं। इनके पिता सरोज तिवारी जिला न्यायालय शहडोल में पदस्थ हैं। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री अभिषेक दीवान सहित खेल संगठनों द्वारा शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई है।

## श्रीधाम कालोनी गोरतरा में विशाल हिंदू सम्मेलन कल



**नवभारत, शहडोल।** हिन्दू जागरण, सनातन संस्कृति एवं सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आगामी 1 फरवरी 2026 को विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से गोरतरा बस्ती स्थित शिव मंदिर परिसर, श्रीधाम कॉलोनी में शोभायात्रा पूरे बस्ती मे निकलेगी। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज को एकजुट करना, सनातन धर्म के मूल्यों का प्रचार-प्रसार करना तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं चेतना का संचार करना है। सम्मेलन में विभिन्न वक्ताओं द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विषयों पर विचार रखे जाएंगे। विशाल हिन्दू सम्मेलन के पश्चात विशाल भण्डारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया है,सर्व हिन्दू समाज आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाएं। आयोजकों का मानना है कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम का आयोजन सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में किया जा रहा है।

**आरोप** उप मुख्यमंत्री के प्रभार वाले जिले की प्रशासनिक व्यवस्था फेल

# प्रभारी मंत्री से नहीं संभल रहा शहडोल : कमलेश्वर डोडियार

**नवभारत, शहडोल।** रतलाम जिले की बहुचर्चित सैलाना विधानसभा से विधायक कमलेश्वर डोडियार मध्यप्रदेश के जिलों में निवासरत शोषित, पीड़ित आदिवासियों की हक की आवाज बुलंद करने निकले हैं। यह भ्रमण खास तौर से युवा आदिवासियों के लिए जनजागरण अभियान है इसके मद्देनजर 29 जनवरी 2026 गुरुवार से ब्यौहारी और शहडोल में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। इसके उपरांत शुक्रवार संभागीय मुख्यालय शहडोल में पत्रकारों से मुखातिब हुए और उन्होंने सर्वप्रथम जिले में फेल प्रशासनिक तंत्र को लेकर चिंता जताई और अल्पकालिक दौरे पर आए विधायक डोडियार ने ना सिर्फजिले की नब्ज़ टटोली बल्कि इन सब अव्यवस्थाओं के लिए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला को जिम्मेदार ठहराया ।

**प्रभारी मंत्री से नहीं संभल रहा जिला**



डोडियार ने कहा कि उपमुख्यमंत्री शहडोल के प्रभारी मंत्री हैं, और जिले में बेलगाम बढ़ते अपराध के लिए उनकी जवाबदेही बनती है। आदिवासी बाहुल्य इलाकों में आदिवासियों का शोषण हो रहा अब तो आदिवासी छात्राएं छात्रवास से गायब हो रही है। आदिवासियों की पुश्तैनी जमीन पर रसूखदारशोरूम बना रहे हैं, शिकायत के बावजूद अधिकारी दोषियों पर कार्यवाही करने की जगह उन्हें बचाने में लगे हुए हैं। जानबूझकर सरकारी तंत्र हाथ में हाथ धरे बैठा है ऐसा प्रतीत होता है जैसे शहडोल की सरकार भू-माफिया हिस्ट्रीशीटर चला रहे हैं। विधायक कमलेश्वर डोडियार ने वर्तमान कलेक्टर को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि देवलोंद से समाजसेवी और अवैध खनन के विरुद्ध आवाज उठाने वाले का जिला बदर करते हैं लेकिन मामले में हाईकोर्ट ने दंडित किया है। यह सब उपमुख्यमंत्री को कैसे नहीं दिखाई दे रहा है इससे साफहै जिले में लॉ एंड ऑर्डर माफियाओं के इशारे पर काम कर रहा है। इसकी एक मात्र वजह यह है प्रभारी मंत्री बुजुर्ग हो चुकें और उनके प्रभार का जिला शहडोल उनसे नहीं संभल रहा है। विधायक श्री डोडियार ने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें शहडोल के जिले का प्रभार का मोह छोड़ देना चाहिए। और उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को त्वरित संज्ञान लेते हुए किसी भी युवा विधायक को शहडोल का पालक मंत्री नियुक्त करते हुए जिम्मेदारी दी जानी चाहिए ताकि जनता को भयमुक्त वातावरण प्रदान किया जा सके।

वहीं उन्होंने कहा है कि जिले में अकूत खनिज संपदा है जिसका वर्षों से दोहन किया जा रहा है। खनन माफियाओं की दहशत हावी है अवैध रेत खनन को लेकर पटवारी, एएसआई की हत्या कर दी गई। हालही में तहसीलदार की टीम को ललकारने और थाना ब्यौहारी के सामने पुलिस कर्मियों को धमकाने का वायरल विडियो दर्शाता है कि प्रशासनिक तंत्र फेल हो चुका है। जब पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर कमिश्नर अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की रक्षा नहीं कर पा रही है तो दबे कुचलें गरीब बेबस आदिवासियों की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा इसके लिए हमारी भारत आदिवासी पार्टी की टीम जिले भर में सर्वे कर रही है हम आदिवासियों के हक में डाका डालने वाले लोगों को चिन्हित करके डीजीपी को पत्र लिखकर कार्यवाही की मांग करेगे एवं ज़रूरत पड़ने पर सड़कों पर उतर कर आंदोलन और विधानसभा स्तर पीड़ितो शोषितो की आवाज बनेंगे।गौरतलब हो कि मध्यप्रदेश के रतलाम की सैलाना विधानसभा सीट से विधायक कमलेश्वर डोडियार का शहडोल सहित 4 दिवसीय दौर में उमरिया, अनूपपुर, डिंडोरी और होशंगाबाद जिलों में है। विधायक कमलेश्वर डोडियार अपने कार्य के प्रति समर्पित हैं और बखूबी अपने समाज का दर्द महसूस करते हैं और उसमें लगातार बदलाव लाना चाहते है।